# सिफी टेक्नालाजी राज्य में करेगी 24 हजार करोड़ रुपये का निवेश



मुख्यमंत्री योगी से उनके सरकारी आवास पर भेंट करते सिफी के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर राजू वेगेसना ● सिफी

**राज्य ब्यूरो, जागरण● लखनऊ**: सिफी टेक्नालाजी लखनऊ व नोएडा में एआइ के क्षेत्र में अगले तीन वर्षों में 24 हजार करोड़ रुपये का निवेश करेगी। सिफी के अध्यक्ष राजू वेगेसना ने मंगलवार को मुख्यमंत्री से उनके सरकारी निवास पर भेंट की। उन्होंने मुख्यमंत्री को राज्य में एआइ के क्षेत्र में निवेश को विस्तार देने का भरोसा दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले समय में शासन, उद्योग, स्वास्थ्य, शिक्षा और मैन्युफैक्चरिंग जैसे क्षेत्रों में एआइ क्रांतिकारी बदलाव लाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार मजबूत डिजिटल ढांचे के माध्यम से एआइ आधारित निवेश और नवाचार को प्रोत्साहित कर रही है।

सिफी के अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि बीते पांच वर्षों में सिफी ने लखनऊ और नोएडा में अत्याधुनिक डेटा सेंटर्स की स्थापना के लिए 12 हजार करोड़ से अधिक का निवेश किया है। अगले तीन वर्षों में इसमें विस्तार कर 24 हजार करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। उन्होंने बताया कि लखनऊ में सिफी का एआइ एज डाटा सेंटर शीघ्र ही पूरी तरह तैयार हो जाएगा।

MAGZTER Clipped from Dainik Jagran Lucknow - December 24, 2025
Read it digitally on Magzter